राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश
लखनऊ – 226027

संख्या : ई–647 / जी0एस0
दिनांक : 28 जनवरी, 2022

प्रेषक,

कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय / महोदया,

कृपया इस कार्यालय के पत्र संख्या : ई–536 / जी0एस0, दिनांक : 25 जनवरी, 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो यूनिवर्सिटी मॉनिटरिंग पोर्टल पर विश्वविद्यालय / संस्थान के आकड़े / सूचनायें त्रुटि रहित तरीके से पूर्ण किये जाने के बारे में है।

यूनिवर्सिटी मॉनिटरिंग पोर्टल पर विश्वविद्यालय से सम्बन्धित जनरल प्रोफाईल तथा कालेज इत्यादि के विवरण को संशोधित करने की सुविधा पूर्व में ही विश्वविद्यालय स्तर पर प्रदान की गई है, किन्तु 55 प्रपत्रों के आकड़ों को एक बार सबमिट (Submit) करने के बाद उसे संशोधित करने के लिए राजभवन से पूर्व अनुमति अपेक्षित है। उक्त पत्र दिनांक 25 जनवरी, 2022 के निर्गमन के पश्चात् कतिपय विश्वविद्यालयों द्वारा पूर्व प्रेषित आकड़ों में संशोधन के लिए राजभवन की अनुमति मांगी जा रही है।

उक्त पृष्ठभूमि में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि यदि पूर्व प्रेषित आकड़ों / सूचनाओं के बारे में विश्वविद्यालय कोई संशोधन करना चाहता है तो उसे उक्त सुविधा राजभवन स्तर से दिनांक 05 फरवरी, 2022 तक अनुमन्य कर दी गई है। इसके लिए दिनांक 05 फरवरी, 2022 तक राजभवन से अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। यदि इसमें किसी प्रकार की कोई कठिनाई आती है तो राजभवन के विशेष कार्याधिकारी (आई0टी0) श्री सुदीप बनर्जी से उनके दूरभाष संख्या–9454468245 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

भवदीय,

(महेश कुमार गुप्ता)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव।

Issue
28/1
28/01/22